## नगर के इंवेंट

### आकाशवाणी गुना केंद्र में मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती, किया माल्यार्पण



**गुना(हरिभूमि न्यूज)** । भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज आकाशवाणी गुना केंद्र में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।कार्यक्रम में सहायक निदेशक (कार्यक्रम), आकाशवाणी गुना राजकुमार कौशल ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के अधिकार को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

### आरोन मंडी में सचिव पद का अस्थायी प्रभार सौंपा गया

**गुना(हरिभूमि न्यूज)** । उपसंचालक (स्थापना), म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था के तहत प्रदीप कुमार तिवारी प्रभारी मण्डी निरीक्षक कृषि उपज मण्डी समिति आरोन को कृषि उपज मण्डी आरोन में अन्य सचिव की पदस्थापना होने तक अस्थायी रूप से तत्कालिक व्यवस्था के अंतर्गत रिक्त सचिव पद का प्रभार सौपें जाने के आदेश जारी किये गये हैं ।

### लक्ष्मीगंज में रोज लग रहा जाम अव्यवस्थाओं से आमजन परेशान

**गुना(हरिभूमि न्यूज)** । शहर के हृदय स्थल लक्ष्मीगंज में इन दिनों रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। सड़क चौड़ी होने के बावजूद अव्यवस्थाओं के कारण यातायात सुचारू नहीं रह पाता, जिससे स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।लक्ष्मीगंज क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर अतिक्रमण कर सामान रख दिया जाता है। इससे पैदल चलने वाले लोगों को मजबूरन सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। इसके अलावा किसान अपनी उपज का भुगतान लेने के लिए दुकानों तक पहुंचते हैं और अपनी मोटरसाइकिल या ट्रैक्टर कहीं भी खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में गल्ला व्यापारियों द्वारा किसानों से माल खरीद नानाखेड़ी मंडी में की जाती है, जबकि भुगतान लक्ष्मीगंज में होता है। इस व्यवस्था के कारण किसानों को बार-बार इधर-उधर भटकना पड़ता है, जिससे क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ बढ़ जाती है और जाम की समस्या उत्पन्न होती है। कई बार इस स्थिति में किसानों और व्यापारियों के बीच विवाद की स्थिति भी बन जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि लक्ष्मीगंज क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया जाए, पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए और यातायात को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके।



### जिले में नरवाई जलाने पर कार्यवाही जारी

**गुना** । जिले में नरवाई (पराली) जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा सख्त प्रतिबंध लागू किया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।इसी क्रम में राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल द्वारा ग्राम पंचायत सामरसिंघा, एन्दवाड़ा एवं परवाह क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पराली जलाने के मामलों में कुल 15 प्रकरण पाए गए, जिनमें अर्थदंड अधिरोपित करने हेतु कार्रवाई की गई। कार्रवाई के अंतर्गत रघुवीर पुत्र सरूपा (निवासी वासखेड़ी), दीनदयाल पुत्र हजारीलाल कुशवाह (निवासी रत्नागिर), बृजमोहन पुत्र रामचरण (निवासी बांसखेड़ी) एवं मनोज पुत्र द्वारकाप्रसाद (निवासी सामरसिंघा) शामिल हैं। मौके पर तहसीलदार बमोरी देवदत्त गोलिया, एसएडीओ आर.के. माहौर, संबंधित पटवारी, ग्राम कोटवार सहित राजस्व एवं कृषि विभाग का अमला उपस्थित रहा। प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे नरवाई जलाने के बजाय वैकल्पिक उपाय अपनाएं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहे।

### जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के प्रशिक्षण शुरू

**गुना।** तहसील बमौरी में जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को विशेषज्ञ फील्ड ट्रेनर्स ने सोमवार से प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया है। इस मौके पर तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी ने प्रशिक्षण केंद्र पर पहुंचकर फील्ड ट्रेनर अभय धाकड़, सचिन शर्मा, सुधीर शर्मा, नीतेश कुमार जैन, अमर सिंह चौहान एवं विजय कुमार पंचोली द्वारा दिए जा रहा है प्रशिक्षण का जायजा लिया।वहीं दूसरी तरफ शादियों के चलते आगामी जनगणना कार्य के लिए तैनात किए गए कर्मचारियों में ड्यूटी हटाने की होड़ मच गई है।

# प्रभात फेरियां, रैलियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

## जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती जिलेभर में पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। सुबह से ही विभिन्न स्थानों पर बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर भवन में तड़के से ही सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों एवं आमजन द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान "जय भीम" के नारों से वातावरण गूंज उठा और हर वर्ग के लोगों ने एकजुट होकर उनके विचारों को याद किया।

पूरे जिले में प्रभात फेरियां, रैलियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर निकाले गए भव्य चल समारोह में गौतम बुद्ध, संत कबीर दास और संत रविदास की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जो शांति, समरसता और मानवता का संदेश देती नजर आईं।कार्यक्रमों में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए समानता, शिक्षा और अधिकार के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया।

अंबेडकर जयंती समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित सभाओं में भजन मंडलियों द्वारा प्रेरणादायक भजनों की प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्होंने माहौल को और अधिक भावनात्मक बना दिया।इस अवसर पर सेवा कार्यों का भी विशेष महत्व रहा। जिले के विभिन्न हिस्सों में रक्तदान शिविर, भोजन वितरण और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बल मिला।शासन-प्रशासन द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहेब को याद किया गया।

वहीं, अंबेडकर प्रेमियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर इस दिन को और भी खास बना दिया।पूरे जिले में यह दिन केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, जागरूकता और प्रेरणा का पर्व बनकर उभरा, जहां हर वर्ग के लोगों ने एकजुट होकर बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### अंबेडकर जयंती पर गुना नगरपालिका अध्यक्ष व भाजपा नेता ने अर्पित की पुष्पांजलि

**गुना।** अम्बेडकर जयंती के अवसर पर गुना नगरपालिका की अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं पूर्व पार्षद व वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अध्यक्ष सविता गुप्ता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में समानता और न्याय के लिए जो संघर्ष किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर जयंती केवल एक पर्व नहीं है, बल्कि यह दिन हमें समाज में समरसता और अधिकारों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का अवसर देता है।पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता ने भी अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के विचारों को वर्तमान समय में अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए एक आदर्श है। साथ ही उन्होंने नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए बताया कि ये प्रयास समाज के सभी वर्गों के उत्थान में सहायक हैं।





## अंबेडकर जयंती के मौके पर बोले-क्षेत्रीय विधायक पन्नालाल शाक्य

# ...अगर इतने ही शूरवीर हो तो अग्निवीर में भर्ती हो जाओ

## कलेक्टर से कहा-सांसद बाद में बनोगे पहले यहां तो कुछ करके दिखा दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना





क्षेत्रीय विधायक पन्नालाल शाक्य यूं तो अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चाओं में रहते हैं लेकिन कभी-कभी वे बहुत गंभीर बात को सहजता से कह जाते हैं और फिर चाह कर भी लोग उनका मजाक नहीं उड़ा पाते बल्कि उन्हें सुनने के बाद बगले झांकने पर मजबूर हो जाते हैं ।

मंगलवार को दोपहर डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भी कुछ ऐसा ही बाक्या हुआ जब क्षेत्रीय विधायक ने न केवल बहुजन समाज को आइना दिखा दिया बल्कि समाज में व्याप्त अलग विचारधारा पर भी जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अगर इतने ही शूरवीर हो तो अग्नि वीर में भर्ती हो जाओ अलग से आर्मी बनाने की क्या जरूरत है।

उन्होंने कहा कि अगर हम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को याद करते हैं तो हमें बाबू जगजीवन राम को भी याद करना चाहिए। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को यह कहते हुए प्रेरित किया है कि पहले शहर में तो कुछ कर के दिखा दो, यह अलग बात है कि उन्होंने यह प्रेरणा कार्यक्रम के दौरान एक अन्य वक्ता द्वारा कलेक्टर को दी गयी शुभकामनाओं पर से उपजी दिखी है।

जिला पंचायत के रेस्ट हाउस परिसर में मंगलवार दोपहर अनुसूचित जाति एवं जनजाती कार्य विभाग के तत्वावधान में अंबेडकर जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, विधायक पन्नालाल शाक्य, गुना नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, पूर्व विधायक द्वय गोपीलाल जाटव, राजेन्द्र सिंह सलूजा, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिसिंह यादव, जिला महामंत्री संतोष धाकड़, रमेश मालवीय, नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी सहित विभिन्न भाजपाजन और कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर की गई। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता सहित विभिन्न अतिथियों ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए पथ पर चलने का संकल्प लेने का आव्हान किया।

भाजपा नेता रमेश मालवीय ने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें यह कहते हुए शुभकामनाएं दीं कि आप यहीं नेता बनकर कार्य करें, विधायक बनें-सांसद बनें। उनकी इन्हीं शुभकामनाओं पर से अपने संबोधन में क्षेत्रीय विधायक पन्नालाल शाक्य ने यह कहते हुए कलेक्टर की प्रशंसा की कि वे आज कल जो काम करा रहे हैं, उसके लिए वे सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि वे गुनिया नदी की सफाई करा रहे हैं। श्री शाक्य ने कहा कि इसे लेकर पहले भी मीटिंग हुई थी, अतिक्रमणों पर चर्चा कर हटाने का निर्णय भी लिया गया था। इसी के बाद खुद उन्होंने कलेक्टर से कहा था कि काम शुरु करें, तो फिर बीच में अवरोध नहीं आए, चाहे कुछ हो जाए, यह आपकी क्षमता है, आप अपनी क्षमता का उपयोग करें। इसके बाद श्री शाक्य ने पूर्व वक्ता के विचार को उद्धृत करते हुए कहा कि लोग आपकी तारीफ में कसीदे पढ़ रहे हैं कि आप सांसद बनें। अरे! सांसद तो बाद में बनोगे, पहले यहां तो कुछ कर के दिखा दो। इस दौरान श्री शाक्य ने कहा कि वे जो भी बात करते हैं, वह जनता के हित की बात होती है। श्री शाक्य ने देश के विभिन्न व्यक्तिवों को रेखांकित करते हुए कहा कि इन सभी ने अजाजजा वर्ग की चिंता की है, लेकिन डॉ. अंबेडकर ने इनके लिए प्रावधान संविधान में किया। जिससे अधिकार मिला, उसी का परिणाम है कि आज हम इस मंच से बोल रहे हैं और संविधान के सहारे अजाजजा वर्ग के संरक्षण का कार्य कर रहे हैं।

### पुरानी रंजिश में जानलेवा मारपीट के मामले में बमोरी पुलिस की त्वरित कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

*गुना (हरिभूमि न्यूज)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल मार्गदर्शन एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना श्री विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में बमोरी थाना पुलिस ने ग्राम बरोदिया में हुए जानलेवा मारपीट के मामले में एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को फरियादी महेश पुत्र रामवीर सहरिया निवासी बमोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपीगण हेमराज सहरिया एवं बलराम सहरिया निवासी ग्राम बरोदिया द्वारा उसे अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया गया, जिससे फरियादी एवं उसके फुफेरे भाई धनराज सहरिया को गंभीर चोटें आईं।इस रिपोर्ट पर थाना बमोरी में अपराध क्रमांक 252/2026 धारा 296, 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर सघन दबिशें दी गईं।दिनांक 13 अप्रैल 2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर बमोरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी हेमराज पुत्र मन्नू सहरिया (उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम बरोदिया) को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले में फरार अंतिम आरोपी बलराम सहरिया की तलाश जारी है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, उपनिरीक्षक बुंदेल सिंह सुनेरिया, सउनि मोकम सिंह, प्रधान आरक्षक हरेन्द्र रघुवंशी, प्रधान आरक्षक बालस्वरूप धाकड़, आरक्षक महेन्द्र पटेलिया, रवि गुर्जर, संजय जाट एवं गुलाब सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

## भुजरिया तालाब के मंदिर पर 7 मई को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

भुजरिया तालाब स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पर आगामी 7 मई को सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर मंदिर पर आयोजित प्रेसवार्ता में महंत राघवेंद्र दास महाराज ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास है कि गरीब एवं जरूरतगढ़ कन्याओं का सम्मेलन में विवाह संपत्र हो, उन्होंने कहा कि ये निशुल्क है। 7 मईको दोपहर 12 बजे से प्रतिभोज प्रारंभ होगा एवं विवाह की अन्य रस्में होंगी एवं मध्य रात्रि में वर-वधू का पाणिग्रहण संस्कार होगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले वर-वधू के पंजिकरण 22 अप्रैल तक होंगे। उन्होंने सभी लोगों से इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग का आग्रह किया है। इस अवसर पर पंडित लखन शास्त्री, व्यापार एवं उद्योग महासंघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल सहित अन्य साधु-संतों की उपस्थिति रही।



## पुरानी रंजिश पर जानलेवा हमले के मामले में कुंभराज पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के सशक्त एवं प्रभावी नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी चाचौड़ा श्री मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में कुंभराज थाना पुलिस ने शनि मंदिर के पास हुए प्राणघातक मारपीट के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक विधि विवादित किशोर भी शामिल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 21 जनवरी 2026 को फरियादी हेमन्त पुत्र महेन्द्र कुमार मैथिल निवासी कुंभराज ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपीगण निखिल मीना, बल्ला उर्फ दिलीप मीना एवं अनूप निवासी कुंभराज द्वारा उसे और उसके मित्र दीपेश मीना के साथ अश्लील गालियां देते हुए लाठी-लुहांगी से जानलेवा हमला किया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।इस रिपोर्ट पर थाना कुंभराज में अपराध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।

निर्देशों के पालन में थाना पुलिस ने सघन तलाश एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए आरोपियों की खोजबीन शुरू की।दिनांक 13 अप्रैल 2026 को प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर कुंभराज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अनूप पुत्र बने सिंह उर्फ भूरा मेहर (उम्र 19 वर्ष, निवासी गीतानगर कॉलोनी कुंभराज) तथा एक विधि विवादित किशोर को पुलिस अभिरक्षा में लिया।आरोपी अनूप मेहर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं विधि विवादित किशोर को बाल न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। मामले में फरार एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है, जिसे शीघ्र गिरफ्तार किए जाने का आश्वासन पुलिस द्वारा दिया गया है।

## धर्मशाला में हर्षोल्लास से मनाया जन्मोत्सव, सेन तिराहे पर हुई पूजा-अर्चना

# संत शिरोमणि सेनजी महाराज जन्मोत्सव पर हुए भव्य कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

संत शिरोमणि सेनजी महाराज के 726 वे जन्मोत्सव के अवसर पर सेन समाज द्वारा भार्गव कॉलोनी स्थित सेन समाज धर्मशाला में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालअभिषेक एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस मौके पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भाग लेकर प्रभु श्रीराम की आराधना की। इसके पश्चात भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें महिला मंडल की सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को सम्मानित भी किया गया, जिससे उनमें समाज सेवा के प्रति प्रेरणा का संचार हुआ। समाज के वरिष्ठजनों ने समाज की जनगणना एवं विकास के लिए नई योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने महाप्रसादी ग्रहण की।उधर संत शिरोमणि सेनजी नहाराज की जयंती के मौके पर प्रातः एबी रोड मारुती शोरूम के सामने सेन तिराहा पर सेन समाज बंधुओं द्वारा सेनजी महाराज की पूजा अर्चना कर आरती की गई और प्रसादी वितरण कर भक्ति भाव से जयंती मनाई।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दिलीप सेन, युवा जिलाध्यक्ष सोनू सेन गढ़ा, प्रकाश सेन बमोरी, राजेश सेन, विष्णु सेन, राजेंद्र सेन, राजेश सेन, प्रेम सेन आदि मौजूद रहे।

## समाचार संक्षेप

### आरोन में संत शिरोमणि सेन महाराज जयंती धूमधाम से मनाई, निकली भव्य शोभायात्रा

आरोन। नगर में संत शिरोमणि सेन महाराज भगवान की जयंती सेन समाज द्वारा बड़े ही उत्साह, श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए।शोभायात्रा का शुभारंभ संकादिक आश्रम



से हुआ। इसके पश्चात यात्रा इंदिरा पार्क, स्टेट बैंक चौराहा, मुख्य बाजार और दास हनुमान चौराहा होते हुए सियाराम कॉलोनी स्थित लवकुश मैरिज गार्डन पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजजनों एवं नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।लवकुश मैरिज गार्डन पहुंचने पर संत शिरोमणि सेन महाराज भगवान की महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से सेन भगवान का पूजन-अर्चन किया।इस आयोजन में नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### अंबेडकर जयंती पर ग्राम भदौर में भव्य आयोजन, कांग्रेस परिवार ने दिया समानता और संविधान का संदेश

आरोन। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर ग्राम भदौर में कांग्रेस परिवार द्वारा भव्य एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, महिला-पुरुष एवं बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और समाज में समानता व भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प



लिया कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला अध्यक्ष भगवान सिंह अहिरवार के नेतृत्व में किया गया। वहीं गुना ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मनीष रघुवंशी ने उपस्थित जनसमूह को बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने और उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच भूपेंद्र रघुवंशी, रविंद्र रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली।

### भाजपा मंडल आरोन ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

आरोन। भारत के संविधान निर्माता एवं प्रथम कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन के कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर पार्क, तहसील कार्यालय के सामने स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर डॉ. अंबेडकर को सादर नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प



लिया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुरजीत धाकड़, पार्षद बृजेंद्र राजपूत, उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह राजावत, महामंत्री दयासागर शर्मा, उपाध्यक्ष कुलदीप रघुवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष दौलत खटीक, लक्ष्मी नारायण प्रजापति, एससी मोर्चा अध्यक्ष सचिन सप्रे, महामंत्री लखन जाटव, मनोज मीणा, विशाल सोनी, राकेश भार्गव, बाला प्रजापति, राजेश तोमर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी ने बाबा साहेब को शत-शत नमन करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# आतिशबाजी से लगी आग, कड़िया गांव में गृहस्थी समेत लाखों का सामान जलकर राख

**प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित राहत देने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

जिले के चाचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कड़िया गांव में रविवार दोपहर एक शादी समारोह के दौरान की गई आतिशबाजी बड़ा हादसा बन गई। पहरावनी कार्यक्रम के दौरान छोड़ी गई आतिशबाजी की चिंगारियां पास ही स्थित मांगीलाल पुत्र प्रभुलाल के कच्चे मकान और मवेशियों की झोपड़ी पर जा गिरीं, जिससे अचानक आग भड़क उठी।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कच्चा मकान, मवेशियों की झोपड़ी, अंदर खड़ा ट्रैक्टर तथा बाहर




खड़ी ट्रॉली के टायर पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना के समय गांव के अधिकांश लोग भागवत कथा और विवाह समारोह में शामिल थे।आग लगते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों ने कुएं, हैंडपंप और टैंकर से पानी भर-भरकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। इस दौरान कुछ युवाओं ने साहस दिखाते हुए झोपड़ी में घुसकर बंधे मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।सूचना मिलने पर बीनागंज चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड को तत्काल बुलाया गया, लेकिन आरोप है कि फायर ब्रिगेड करीब डेढ़ घंटे देरी से मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज की फायर ब्रिगेड पहले किसी अन्य स्थान पर गई हुई थी और लौटने पर उसमें पानी भी नहीं था, जिसके कारण देरी हुई।इसके बाद ब्यावरा से भी फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर दमकल पहुंच जाती तो नुकसान कम किया जा सकता था।इस हादसे में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित राहत देने की मांग की जा रही है।

## भील समाज आदिवासी की महापंचायत में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

रविवार को ग्राम पंचायत झुकरा में भील समाज आदिवासी महापंचायत का भव्य आयोजन किया गया। इस महापंचायत में मध्य प्रदेश एवं राजस्थान से भील समाज के वरिष्ठजन, प्रतिनिधिगण, युवा साथी, सरपंच, पंच-पटेल, अधिकारीगण, ग्राम विकास समिति एवं मातृशक्ति की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के बंधुओं द्वारा दीप प्रज्वलन एवं महापुरुषों को पुष्पमाला अर्पित कर



किया गया। इसके पश्चात समाजहित से जुड़े 10 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया, जिनमें कुछ बिंदुओं पर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए।महापंचायत में विवाह एवं शादी समारोहों में फिजूल खर्च पर रोक लगाने तथा डीजे एवं कंजरी पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही समाज में शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया और वक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।इस अवसर पर ग्राम पंचायत झुकरा में ग्राम विकास समिति का गठन भी किया गया। समिति में अध्यक्ष पुराण सिंह भील, उपाध्यक्ष उधम सिंह पटेल सहित राय सिंह भील, रमेश चौहान, जंगल सिंह , सागर सिंह , राजपाल , रामबाबू भील, गोविंद, रणजीत, पप्पू लाल एवं महेंद्र सिंह को सदस्य बनाया गया। महापंचायत में जयस प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह भील, मां शबरी आश्रम अध्यक्ष सुखलाल , विभाग सह संगठन मंत्री गुजरात सिंह भील, विभाग कार्यकारिणी सदस्य मुकेश चौहान, नन्नू लाल कुसुमपुरा, रामबाबू उमर थाना सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक भोजन किया और आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।महापंचायत की सफलता पर ग्राम विकास समिति द्वारा सभी अतिथियों, भील समाज बंधुओं, पुलिस प्रशासन, शासकीय अधिकारियों, प्रतिनिधियों, पंच-पटेलों, आयोजन समिति एवं युवा साथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## श्री सेन जी महाराज की 726वीं जयंती चाचौड़ा में हर्षोल्लास से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 को सेन समाज संयुक्त कल्याण संगठन, चाचौड़ा द्वारा संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 726वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह आयोजन श्री भक्तमाली जी मंदिर, चाचौड़ा में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत पूजन-अर्चन एवं संत श्री सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण के




साथ हुई। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य एवं समाज बंधु उपस्थित रहे।समाजजनों ने संत श्री सेन जी महाराज के आदर्शों और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। भजन-कीर्तन के माध्यम से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में सामाजिक एकता और संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया गया।
समाज के युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। अंत में प्रसादी वितरण किया गया।इस दौरान आगामी सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा कर योजना बनाई गई।

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा: 1498 आंगनबाड़ी केंद्रों पर सम्मेलन, 28 हजार से अधिक महिलाओं की सहभागिता

गुना। जिले में "नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा" का आयोजन 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिलेभर में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत जिले के 1498 आंगनबाड़ी केंद्रों पर नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित किए गए। इन सम्मेलनों में कुल 28,271 महिलाओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे उनके सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक संदेश गया।

# तीन दिवसीय सामाजिक समरसता यात्रा का आरोन में भव्य स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

गुना विभाग की तीन दिवसीय सामाजिक समरसता यात्रा अशोकनगर से प्रारंभ होकर गुना होते हुए अपने दूसरे दिन के पड़ाव पर सायं 5:00 बजे आरोन नगर पहुंची। समरसता रथ और उसके साथ आए अधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा सकल हिंदू समाज के साथ मिलकर संकादिक आश्रम पर भव्य स्वागत किया गया।यात्रा के दौरान समरसता रथ आरोन सदर बाजार से होते हुए हीरालाल सप्रे एवं सचिन सप्रे के गृह द्वार पर पहुंचा, जहां सप्रे परिवार द्वारा संत महात्माओं सहित सभी आगंतुकों का जलपान कराकर स्वागत किया गया। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हिंदू समाज ने यात्रा का स्वागत किया।दास हनुमान मंदिर चौराहे पर सामाजिक समरसता धर्मसभा का आयोजन किया गया, जहां श्रीराम दरबार, भारत माता, डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भगवान वाल्मीकि सहित विभिन्न महापुरुषों के चित्रों का पूजन किया गया। इसके उपरांत चित्रकूट धाम से पधारे महंत विष्णुदास महाराज ने सामाजिक सद्भाव पर अपने आशीर्वचन प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र पवार (मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़) ने सभा को संबोधित करते हुए ऐतिहासिक एवं पौराणिक उदाहरणों के माध्यम से सामाजिक एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज सदैव एक था और इसे विभाजित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए समानता और सामाजिक एकता पर जोर दिया। साथ ही केवट, निषादराज और शबरी के प्रसंगों के माध्यम से श्रीराम को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया।इस अवसर पर लगभग 200 समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।मंच संचालन प्रखंड अध्यक्ष राजेश शास्त्री ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रखंड मंत्री दीपक ओझा द्वारा किया गया।

**कहा-जब तक किसान जाग रहा है तब तक आप भी जागें**

## कलेक्टर ने रात में खरीदी केन्द्र का लिया जायजा, देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



जिले में पहले कोलुआ रोड़ पर किसानो ने जाम लगाया था उसके बाद सोमवार को रातीखेडा पर किसानों ने जाम लगाकर खरीदी न होने का आरोप लगाया था, जब कलेक्टर को सूचना मिली कि जिले के सिजावट गांव में अमल वेयरहाउस पर 8 अप्रेल से तुलाई नहीं की जा रही है जिस पर कलेक्टर साकेत मालवीय सोमवार की रात को ही केन्द्र पर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूदा लोगों को खरी खोटी सुनाईं और रात में ही खरीदी केन्द्र का ताला खुलवाया गया।

इस दौरान मौजूदा लोगों ने कलेक्टर को बताया कि यहां केन्द्र पर समिति प्रबंधक न होने के कारण तुलाई नहीं हो पा रही है, जिस पर कलेक्टर नाराज हुए और कहा कि अगर समिति प्रबंधक नहीं आते तो क्या माल की तौल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल लेकर खड़े रहेगें, किसान जब तक जाग रहा है तब तक अधिकारियों को भी जागना होगा, इस तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि जब खरीदी का केन्द्र बना है तो माल की खरीदी की जाना चाहिए, अगर पूरे दिन भर से तौल नहीं हो रही थी तब आपने क्या किया, इसकी जानकारी आपको होना चाहिए था। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि खरीदी केन्द्र पर आने वाले किसानों की माल की तौल की जाए, जब तक तौल का काम पूरा नहीं होता चाहे कितनी भी रात क्यों न हो जाए आपको भी जागना पड़ेगा। यह खरीदी केन्द्र सिजावट गांव में है।



### 19 अप्रैल भगवान परशुराम जयंती पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा, गांधी पार्क पर होगी महा आरती

अशोकनगर। भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में विशाल शोभायात्रा निकलने जा रही है। इसको लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन सर्व ब्राह्मण महापंचायत धर्मशाला में किया गया।

जिसमें वार्ड वाइज युवाओं की टोली बनाई गई जिसमें तय किया गया, लोग वार्ड वाइस घर घर जाकर संपर्क करेंगे व लोगों से शोभायात्रा में सम्मिलितों का आह्वान करेंगे इसी के साथ विभिन्न जिम्मेदारीया भी सभी लोगों को सौंपी गई। इस बार एक विशेष महा आरती गांधी पार्क पर आयोजित की जाएगी जिसमें गंगा आरती के जैसा नजारा देखने को मिलेगा। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के युवा व वरिष्ठ जन उपस्थित थे। डॉ दीपक मिश्रा ने कहा कि सभी भगवान राम परशुराम भगवान कृष्ण को मानने वाले हैं हम सभी समाजो को आमंत्रित करते हैं सभी अधिक सभी संख्या में उपस्थित होकर भगवान परशुराम के उत्सव में भाग लेकर धर्म लाभ लें बैठक में मुख्य रूप से राजेश शर्मा डॉक्टर दीपक मिश्रा शशिकांत भार्गव हरिओम शर्मा छेलाई रामकुमार चैधरी संजीव बोहरे वीरू बोहरे चैधरी कैलाश शर्मा सिंघवासा रामकुमार शर्मा पवन कुमार शर्मा राहुल पांडा दीपक शर्मा सुनील बोहरे अमित शर्मा पड़रिया रोहित शर्मा राघव शर्मा कार्तिक शर्मा अर्चित शर्मा सौरभ शर्मा प्रशांत भार्गव कृष्ण मुरारी शर्मा हरि ओम शरण व्यास, जी के भार्गव, दिलीप शर्मा, राजेश शर्मा, विष्णु शमार्, संदीप शमार्, नितेश शर्मा, रामू शर्मा देव शर्मा कालीचरण शर्मा अथर्व शर्मा श्याम शर्मा देरखा प्रशांत भार्गव सहित सभी ब्राह्मण लोग उपस्थित थे।

## लीनेस क्लब ने सीएमराइज स्कूल में बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



शहर के टोरिया रोड स्थित सीएम राइज स्कूल में लीनेस क्लब की प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल द्वारा उपस्थित बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा बच्चों को शिक्षित होने के साथ-साथ सरल,सहनशील संस्कारी, व्यावहारिक विनम्र होना भी जरूरी है।

सहनशीलता वीरों का आभूषण है और यह सहनशीलता की शक्ति हम योग व भक्ति के द्वारा प्राप्त कर सकते हैं।क्लब की प्रांतीय सचिव डॉ रजनी शुक्ला ने बच्चों को संस्कार का महत्व बताते हुए कहा यदि हम शिक्षा के साथ संस्कारों को भी अपनाते हैं तो हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति सकारात्मक दिशा में कर सकते हैं। बच्चों को समझाया कि हमें संस्कारी होने के साथ सरल एवं सहज होना आवश्यक है। बच्चों को समय का महत्व समझाते हुए बताया कि समय बहुत अनमोल है, यदि हम अपने सारे कार्य निर्धारित समय पर करेंगे तो हमें सफलता शीघ्र प्राप्त होगी। क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल ने बच्चों को यातायात के नियमों का पालन कैसे कर एवं वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग स्वयं भी करें एवं अपने परिवार के सदस्यों,संबंधी एवं परिचितों को भी हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें। क्लब की सचिव रश्मि अग्रवाल ने बच्चों को समझाया कि हम पर्यावरण को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं और हमारे लिए पर्यावरण सुरक्षित रखना कितना अनिवार्य है। इस मौके पर बच्चों को पानी की बोतल ट्रॉफी बिस्किट वितरित किए गए। इस मौके पर रानी नामदेव सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रही एवं बच्चों को पर्यावरण कैसे सुरक्षित रख सकते हैं इससे अवगत कराया।

## भाजपा ने सभी बूथों पर मनाई डॉक्टर आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले भर के सभी बूथों पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती मनाई गई।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान बूथ स्तर पर बाबा साहब के चित्र पर कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा भाजपा जिला कार्यालय पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर भी बाबा साहब की जयंती मनाई जहां



उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय अम्बेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान जिला महामंत्री शीला जाटव नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष माधव राज यादव, पूर्व जिला महामंत्री नंदलाल यादव जिला मंत्री सलिल त्रिपाठी धर्मेंद्र रघुवंशी सोनू रघुवंशी विष्णु शर्मा मुकेश पाल पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी नारायण सिंह यादव संजीव भारिल्ल इस्माइल खान दयाल दास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती पर चल समारोह निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭मुंगावली

सेन समाज के आराध्य देव सेन महाराज की 726वीं जयंती इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ भव्यता से मनाई गईं। मंगलवार को शहर के श्री राधा कृष्ण मंदिर से सेन समाज का चल समारोह निकाला गया जो नगर प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचा।

इस चल समारोह में घोड़े पर बालिकाएं पगड़ी बांधे हूई हाथों में झंडा लिए हुए चल रही थी, तो बही शोभा यात्रा में बालिकाएं सर पर पगड़ी बांधे हुए शोभा यात्रा में शामिल रही नव युवकों द्वारा इस चल समारोह में नाचते गाते हुऐ चल रहे थे।यह चल समारोह श्री राधा कृष्ण मंदिर से निकाली गई जिसमें समाज के सभी स्वा जातीय बंधुओं ने सेन जी महाराज की पूजा अर्चना शिरोमणी सेन महाराज जयंती



कार्यक्रम हुआ सभी समाजजन अपने अपने घरों में तो सेन महाराज के चित्र का पूजन करेंगे, साथ ही समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस शोभायात्रा का शहर में कई जगह स्वागत किया गया तो वही गणेश शंकर विद्यार्थी चैराहे पर ज्ञानालय परिवार संयोजक अर्जुन बृजेंद्र सिंह यादव ने शिरोमणि सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। चल समारोह में शामिल रहे लोगों का ठंडा पिलाकर इस दौरान अर्जुन यादव कहा कि मध्यकाल के संतो में सेन महाराज का नाम अग्रणी है, उन्होंने सदा पवित्रता और सात्विकता पर जोर दिया। सत्य, सद्भावना और अहिंसा से जुड़ा उनका संदेश लोगों का सदा मार्गदर्शन कराता रहेगा,इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, अविनाश यादव, अनिकेत भार्गव, इंद्रजीत यादव, गुरुशरण यादव आदि रहे मौजूद।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुन्दौरा निवासी लक्ष्मीबाई पत्नि लालाराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिनेश और गोलू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहसूढी निवासी राजकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मर्दन अहिरवार, राजा अहिरवार और सुनील केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पोरूखेडी घाट निवासी राजकुमारी जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अंकेश और अमरसिंह जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयापुर चन्देरी निवासी महेश दुवे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रिजवान खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

**महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान**

## सेन महाराज की जयंती पर उनके स्मारक पर पुष्प मालाएं की अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

सेन महाराज की 726वी जन्म जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई, इस मौके पर उनके स्मारक स्थल पर पुष्प मालाएं अर्पित की गईं और श्रद्धापूर्वक उन्हें याद किया गया। सेन समाज विकास संगठन द्वारा सेन महाराज की इस जयंती पर स्थानीय वृद्धाश्रम पहुंचकर यहां निवास कर हरे वृद्ध जनों को उनके जीवन से अवगत कराया गया और प्राणी मात्र को दिए गए संदेशों की जानकारी दी गई। इस मौके पर इंजीनियर नरेन्द्र सेन ने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर सभी वृद्धाश्रम में निवास कर रहे लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर स्थानीय सेन चैराहे पर उनकी जयंती के मौके पर उनका स्मरण किया गया और उनके स्मारक



पर पुष्पमालाएं अर्पित की गईं, बड़ी संख्या में समाज जन पहुंचे। इस अवसर पर विधायक हरीबाबू राय ने भी उनकी प्रतिमा पर पुष्प मालाएं अर्पित कीं और उनके जीवन पर प्रकाश डाला तथा कहा कि हमें महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी और भक्ति भाव से यह जयंती मनाई गई।

## खबर संक्षेप

### 1 करोड़ 63 लाख रुपए तक पहुंचा सहयोग

**अशोकनगर।** पी.एम.यू.एम. शिक्षक संघ द्वारा अपने दिवंगत सदस्यों के परिजनों को आर्थिक संबल प्रदान करने का सराहनीय कार्य निरंतर जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्मचारी कल्याण कोष योजना के माध्यम से इस बार दो दिवंगत सदस्यों के परिवारों को एक साथ सहयोग प्रदान किया जा रहा है।व. महेन्द्र सिंह मुवेले के परिवार को अब तक लगभग 23 लाख रुपये तथा स्व. रेवाराम अलोने जी के परिवार को 27 लाख रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की जा चुकी है। यह सहयोग प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी। संघ के अनुसार वर्तमान में लगभग 1 लाख 6 हजार शिक्षक एवं कर्मचारी सदस्यता ले चुके हैं, जिनमें शिक्षा विभाग के अधिकारी, बाबू एवं चपरासी भी शामिल हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में नए सदस्य जुड़ रहे हैं।

### अम्बेडकर जयंती पर चल समारोह निकाला



**राजपुर।** डा भीमराव अम्बेडकर जयंती पर राजपुर कस्बे में अनेक जगह पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम हायर सेकंडी स्कूल में डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर फ़ूल माला पहनाकर कर जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ एवं प्रचार्य दयाराम मोर्य, संजय विजोले तथा गांव के गणमानय नागरिकों ने भाग लिया। समीप के ग्राम छीपोन पी एम शाला में भी डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गई जिसमें स्कूल प्रचार्य मनोज छारी एवं स्टाफ शामिल हुआ। राजपुर कस्बे में डीजे की धुन पर युवा नाचते-हुए जय जयकार करते हुए चल समारोह में देखे गए। युवा नीले रंग से सराबोर दिखाई दे रहे थें डीजे की धुन पर नांचते गाते हुए देखा गया, अनुसुचित वस्ती अम्बेडकर मोहल्ले से चल समारोह निकाला गया जो गांव के मुख्य चोराहे गांधी पार्क, हनुमान चोराहा होते हुए जैन मन्दिर गली होते हुए वापिस मोहल्ले में पहुंचा। वहां अनेक वक्ताओं ने डा भीमराव अम्बेडकर के वारे में प्रकाश डालते हुए उनके जीवन परिचय के वारे में जानकारी दी। इस मौके पर वडी संख्या में गांव वासियों ने भाग लिया।

### 135वीं जयंती पर निकाला गया समारोह



**मुंगावली।** भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की 135वी जन्म जयंती नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। जिसमें सुबह से ही अंबेडकर भवन के पास लगी अंबेडकर की प्रतिमा पर बड़ी संख्या में लोगों द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। दोपहर में एक भव्य शोभा यात्रा नगर में अंबेडकर पार्क से शुरू की गई जो नगर में निकाली गई। नगर के बस स्टैंड, जय स्तंभ चैराहे, पोस्ट ऑफिस चैराहा, गायत्री मंदिर चैराहा, गणेश शंकर विद्यार्थी चैराहा से वापस होते हुए अंबेडकर भवन में जाकर इसका समापन किया गया। इस चल समारोह का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया जिसमें ईमली चैराहा पर ज्ञानालय परिवार संयोजक अर्जुन यादव के द्वारा इस भव्य चल समारोह का स्वागत किया गया। जिसमें अर्जुन यादव के द्वारा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर ज्ञानालय परिवार संयोजक अर्जुन यादव के द्वारा बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अंबेडकर जी द्वारा बताए गए मार्ग पर आज की युवा पीढ़ी को चलना चाहिए और हमें उनसे एवं उनके आदर्शों को नमन करते हुए अपनाना चाहिए। मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे के द्वारा बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। ओर कहा कि आज संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे भारतवर्ष में मनाई जा रही है हमें उनके आदर्शों पर चलकर सीख लेना चाहिए।

### बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

# संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर की जंयती उत्साहपूर्वक मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती का पर्व अशोकनगर शहर मे विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। उनके स्मारक स्थल पर बडी संख्या मे अनुयायी पहुचें। उनके व्यक्तित्व और राष्ट्र को दिखाए गए रास्ते पर चलने का आव्हान किया गया। राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो ने भी संविधान निर्माता डॉ आंबेडकर का स्मरण किया। विभिन्न संगठनो की ओर से शहर मे चल समारोह भी निकाले गए।

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को शहर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही पुराने बस स्टैंड स्थित अंबेडकर चैराहे पर आमजन, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों की भीड़ जुटने लगी। सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अंबेडकर पार्क को भव्य रूप से सजाया गया था। नगर ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी बाबा साहब की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहां भी लोगों ने प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके संविधान निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज में समता, समानता और न्याय की नींव रखी, जिससे



आज हर वर्ग को अधिकार मिला है। विदिशा रोड स्थित रविदास मंदिर से एक विशाल चल समारोह निकाला गया। जिसका समापन रविदास मंदिर पर हुआ।

#### बडी संख्या मे अनुयायी पहुचे,महिलाए भी शामिल हुई।

डॉ भीमराव आंबेडकर की जंयती के मौके पर अशोकनगर शहर मे बडी संख्या मे श्रृदालु उनके स्मारक स्थल पर पुष्पमालाए अर्पित करने पहुचे। इस दौरान भारत रत्न बाबा साहब की 135वी जयंती पर उन्हे सादर नमन किया गया। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई। डॉ आंबेडकर के जीवन आर्दशो पर चलने का आव्हान किया गया। इस दौरान उपस्थित जनो ने उनके स्मारक पर पुष्पमालाए अर्पित की पुष्प चढाए और उन्हे नमन किया। इस दौरान छोटे छोटे बच्चो को भी उनके स्मारक के समक्ष पुष्प अर्पित करते देखा गया।

#### रविदास मंदिर से चल समारोह निकाला गया

रविदास मंदिर से निकाले गए चल समारोह में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिसमें बाबा साहेब की आकर्षक झांकी लगाई गई। उनके चित्र को एक वाहन में सवार किया गया, इस दौरान शोभायात्रा में कई महापुरूषों की तस्वीरें सजाई गईं थी जो एकता का संदेश दे रहीं थीं। चल समारोह में एक बालक संविधान की पुस्तक हाथ में लेते हुए नजर आया। शहर में जिन जिन रास्तों से चल समारोह निकला, उन रास्तों पर फूलों की वर्षा की गई नीली गुलाल उड़ाई गई। पिपरई नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में अंबेडकर जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही कार्यक्रमों की शुरुआत प्रभात फेरियों और शोभायात्राओं के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम नगर के वार्ड नंबर 04 मे रविदास मंदिर स्थल । पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत एक चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकाला जिसमें समस्त समाज जनों ने चल समारोह पर फूल बरसा कर स्वागत किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

### सद्बुद्धि के लिए आज होगा सुंदरकांड पाठ

## बी-पेक्स कर्मचारियों की मांगों को लेकर हड़ताल जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

बी पेक्स कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही। बुधवार को हड़ताली कर्मचारियों द्वारा 1 बजे से बैंक अधिकारियों की सद्बुद्धि हेतु हड़ताल स्थल पर ही सुंदर कांड पाठ किया जाएगा। समय पर वेतन भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर बी पेक्स संस्थाओं के कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हैं।

समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण बी-पेक्स संस्थाओं के कर्मचारी शुक्रवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे हैं। हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि बी-पेक्स संस्थाएं जिला अशोकनगर के समस्त कर्मचारी समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण परेशान होकर अब अपनी अन्य विभिन्न मांगों को लेकर 10 अप्रेल से अनिश्चित कालीन कलम बंद हड़ताल पर चले गये हैं। जिसके कारण अब जिले में होने बाली गेंहू, चना एवं मसूर की खरीदी पर संकट मंडरा गया है। और साथ ही साथ उपभोक्ताओं को मिलने वाला राशन भी बंद रहेगा। और संस्थाओं के सभी काम ठप पड़ गये हैं।

#### यह है कर्मचारियों की मांगें

आज दिनांक तक की शेष सम्पूर्ण वेतन का भुगतान किया जावे। संस्था वायलोज, पंजीयक, उप पंजीयक सहकारी संस्थायें जिला अशोकनगर के विभिन्न आदेशों के अनुसार नई कलेक्टर दर से वेतन का भुगतान किया जावे। पंजीयक, उप पंजीयक सहकारी संस्थायें जिला अशोकनगर के विभिन्न आदेशों के अनुसार अतिरिक्त मानदेय का भुगतान किया जावे। आगे से हर माह की वेतन का भुगतान समय पर किया जावे एवं उपार्जन एजेंसी से संस्थाओं कि शेष सम्पूर्ण राशि का भुगतान कराया जावे। ईआरपी हेतू संस्थाओं में रखे गये कम्प्यूटर ऑपरेटरों की वेतन का भुगतान शीघ्र कराया जावे। 60 प्रतिशत केडर समिति प्रबंधक के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए।

# हैंडपंपों में प्लेट फार्म नहीं, बोर में मिल रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बहादुरपुर क्षेत्र के दर्जनों सरकारी हैण्डपंपों में प्लेटफार्म नहीं है। जिससे हैण्डपंपों के आसपास पानी का भराव हो रहा है और यह पानी सीधे बोर में जा रहा है। पानी के हैण्डपंपों के पास जमा रहने और बोर में जाने के कारण पानी दूषित होने की आषंका बढ़ रही है। इस तरह की लापरवाही सीधे-सीधे बीमारियों को दावत देना है।

इन दिनों मौसम दिन प्रतिदिन गर्म होता जा रहा है। यह मौसम पानी में बीमारी जनित कीटाणुओं के पनपने का मौसम है। ऐसे में बगैर प्लेटफार्म वाले हैण्डपंप जल जनित बीमारियों को फैलाने वाले साबित हो सकते हैं। खास बात है कि पीएचई के पास बीते डेढ़ वर्ष से बगैर प्लेटफार्म वाले हैण्डपंपों पर प्लेटफार्म बनाने के लिए कोई राषि नहीं आई है। पीएचई के उपयंत्री रोहित त्यागी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कम से कम 50 हैण्डपंपों के प्लेटफार्म बनाने का लक्ष्य आता था लेकिन डेढ़ साल से बंद है। उन्होंने कहा कि हमने पोस्ट मानसून क्लोरीनेषन जरूर सभी हैण्डपंपों में कराया है। दूसरी ओर भले ही पीएचई के पास बजट न हो लेकिन यह काम ग्राम पंचायतें पंद्रहवें वित्त की 30 प्रतिषत राषि से करा सकती हैं। जिसमें करीब साढ़े आठ हजार रुपए का खर्च आता है। वहीं सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. वायएस तोमर ने बताया कि पानी दूषित होने से आंत संबंधी कई बीमारियां होता हैं।

बंगला चैराहा से अषोकनगर मार्ग पर ग्राम पंचायत गुपलिया के अंतर्गत एक हैण्डपंप है। जो कि नेहकाई जाने वाले रास्ते के जोड़ पर लगा हुआ है। करीब दस वर्ष पहले बंगला चैराहा से अषोकनगर के लिए नई सड़क बनी तो यह हैण्डपंप



नीचे हो गया। गुपलिया के युवा सेतूराजा ने बताया कि यहां राहगीर रुक कर पानी पीते हैं। इस हैण्डपंप का प्लेटफार्म पूरी तरह से जमीन में दबा हुआ है। हैण्डपंप से निकलने वाला पानी वापिस बोर में चला जाता है। रोजगार सहायक महेष यादव ने बताया कि सरपंच-सचिव सुनते नहीं है। गांव की समस्याओं के प्रति उनका ध्यान नहीं है।

बहादुरपुर-मुंगावली के बीच में काछी बरखेड़ा चैराहा है। यहां से एक रास्ता पिपरई, एक रास्ता कुम्हर्रा-बर्री तक भी जाता है। इस चैराहे पर लगा हैण्डपंप राहगीरों की प्यास बुझाने का एकमात्र स्त्रोत है। इस हैण्डपंप का प्लेटफार्म भी टूटा हुआ है और पानी मौके पर ही जमा होता है। जनपद सदस्य परवीन बी ने बताया कि यहां बड़ी संख्या में मवेषी पानी की तलाष में घूमते हैं, हौदी भी नहीं बनी है। उन्होंने इसकी सूचना जनपद पंचायत मुंगावली में भी दी है। काछी बरखेड़ा के सचिव चंद्रकांत पटेल ने बताया कि उक्त हैण्डपंप हमारी ग्राम पंचायत की सीमा में नहीं आता है।

ग्रापं कुकावली के अंतर्गत अजा बस्ती खुषीपुरा है। यहां के शासकीय प्राथमिक विद्यालय के पास लगे हैंडपंप के चारों ओर गंदा पानी भरा हुआ है। शाला प्रभारी नत्थू सिंह ने बताया कि हैण्डपंप के संबंध में एक बार ग्राम पंचायत को आवेदन दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत सचिव जयराम रजक ने बताया कि इस संबंध में कार्रवाई चल रही है। काछी बरखेड़ा चैराहे पर प्लेटफार्म के साथ हौदी भी बनवा रहे हैं।

#### निर्देश देंगे

यह काम पीएचई का है, यदि उनके पास बजट नहीं है तो जहां-जहां हैण्डपंपों के प्लेटफार्म टूटे हुए हैं। वहां हम ग्राम पंचायतों को निर्देषित करते हैं कि टूटे हुए प्लेटफार्म हैं, वहां नए बनवाएं और मवेशियों के लिए हौदी भी बनवाएं।

**आलोक प्रताप इटौरिया,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मुंगावली

### घटना के बाद ट्राला का ड्रायवर हुआ फरार

# ट्राला ने बाईक सवार को रौंदा, सिर पर पहिया चढ़ने से मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय बस स्टेण्ड से कोलुआ मार्ग जाने वाले रास्ते पर एक डंफर ने एक बाईक सवार को रौंद दिया, इस घटना में बाईक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, घटना दोपहर 11 बजे की है। ट्राला अशोकनगर से कोलुआ रोड की ओर जा रहा था।

घटना की कहानी यह है कि ट्राला क्रमांक आरजे 14 जीजे 0777 नल जल योजना के पाईप भरकर आ रहा था। जब यह ट्राला बस स्टेण्ड के बाहर शांपिंग कॉम्पलेक्स में बनी दुकानों के बाहर से गुजर रहा था, उसी दौरान अशोकनगर के यादव कालोनी निवासी रामबाबू पिता सुजान सिंह यादव उम्र 41 साल अपने भतीजे के साथ बाईक पर बैठकर गया था, बाईक भतीजा चला रहा था और बाईक के पीछे



रामबाबू यादव बैठा हुआ था। तभी बाईक से नीचे उतरने के दौरान सामने से आ रहे एक डंफर से वह टकरा गया, इस घटना में डंफर उनके सिर के ऊपर से निकल गया, जिसकी तत्काल सूचना देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा को प्रदान की गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को वाहन के अन्दर से निकाला गया तथा पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के बारे में परिवार जनों ने बताया कि वह एक बस में मोबाइल रखने के लिए गए थे तभी यह घटना हो गई, इस घटना के बाद डंफर चालक फरार है,मृतक के परिवार जन जिला अस्पताल पहुंचे जहां पोस्टमार्टम के बाद परिवार जनों को अपने रिश्तेदारों का इंतजार करते हुए देखा गया। इस दौरान परिवार जनों ने बताया कि उनकी बेटी इन्दौर में निवास करती है और वह वहां से अशोकनगर आने के लिए रवाना हो गई है। परिवारजन बेटी के आने का इंतजार करते रहे, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### ऑनलाइन सट्टा गिरोह का खुलासा

# आईपीएल सट्टे पर अशोकनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अंतर्गत सिटी कोतवाली पुलिस ने ऑन लाईन आईपीएल के सटटे के आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा ऑनलाइन आईपीएल सट्टा गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 13 अप्रेल को राजस्थान रॉयल्स एवं सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चल रहे क्रिकेट मैच के दौरान थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर अवैध ऑनलाइन आईपीएल सट्टे के विरुद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान उप निरीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी मोंटी जैन (उम्र 25 वर्ष), निवासी दुबे कॉलोनी,



अशोकनगर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल एवं सट्टा संचालन में प्रयुक्त अन्य सामग्री जप्त कर अप0क्र0 233/2026 धारा 4 (क) धुरत क्रीडा अधिनियम एवं धारा 112(1) बीएनएस कायम किया गया। जप्त मोबाइल की जांच में विभिन्न वेबसाइटों पर संचालित आईपीएल सट्टे की कई आईडी, बडे ट्रांजेक्शन से संबंधित स्क्रीनशॉट, फोनपे ट्रांजेक्शन हिस्ट्री तथा गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों के साथ हुई बातचीत के महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। प्रारंभिक जांच में अन्य आरोपी अंश रघुवंशी, अभिषेक महाना सहित इंदौर में सक्रिय कई अन्य संदिग्ध व्यक्तियों के मोबाइल नंबर प्राप्त हुए हैं।

### नारकोटिक्स नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला अशोकनगर के ब्लॉक मुंगावली में कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय में नारकोटिक्स नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी राकेश चैबे, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कमल सिंह यादव, परिषद के जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान, परामर्शदाता पूजा लोधी, कृष्णकांत तिवारी, प्रवीण चैबे, धर्मेंद्र गिरी गोस्वामी, मुकेश प्रजापति की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि नशा नाश की जड़ है भाई नशे के कारण आज हजारों परिवार उजड़ गए हैं। चैबे ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि आप ही सबसे पहले नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने में अपनी महती भूमिका निभा सकते है। साथ ही जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने बताया की नारकोटिक्स एक जहरीला नशा है जो विदेशी ताकतों द्वारा भारत कि युवा पीढ़ी को कमजोर कर देश की शक्ति को कमजोर करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है हमे उनके इस षड्यंत्र को नाकाम करना होगा तभी हमारा देश विश्वगुरु बनेगा।

# डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती पर स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेड़कर की 135वीं जयंती के अवसर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पठार अशोकनगर में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.भीमराव अम्बेड़कर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ रघुवंशी द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, कलेक्टर साकेत मालवीय,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अशोकनगर अभिषेक यादव,जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव,सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य, मनोज शर्मा, सतेन्द्र कलावत, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग से अदिति सिंह, शिक्षक अशोक अहिरवार, मनोज दुबे सहित अधिकारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि आज हम डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 135 जयंती मना रहे हैं। बाबा साहब की जयंती अशोकनगर जिले में नहीं बल्कि देश के साथ-साथ विश्व में मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के ऊपर सरस्वती माता का आशीर्वाद था। एक दलित शोषित वर्ग में जन्म लेकर उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने देश विदेश में शिक्षा प्राप्त कर 32 डिग्री हासिल की। साथ ही 9 भाषाओं का उनका ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के महापुरुष जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों को न्योछावर कर जिन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उन महापुरुषों के कार्यक्रम हो या जयंती हो हम सभी वर्गो के लोग एक साथ मिलकर मनाना चाहिए।

कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर आजीवन वंचितों, पीड़ितों, शोषितों और उपेक्षितों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनैतिक सशक्तिकरण की प्रखर आवाज थे। कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं और उनको नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि भारत का स्वतंत्रता संघर्ष का जो इतिहास है उसमें ऐसे अनेक महापुरुष हुए हैं जिन्होंने कई तरह से जान तक की कुर्बानी देकर इस स्वतंत्र भारत को खड़ा करने में अपना योगदान किया है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष 75 सालों में एक संगठित समाज के रूप में एक संगठित राष्ट्र के रूप में प्रगति पथ पर आगे बढ़ पा रहा है बहुत सारे समकालीन ऐसे देश हुए जिन्होंने स्वतंत्रता को प्राप्त किया लेकिन वह स्वतंत्रता को सहजकर नहीं रख पाए। भारत देश तमाम चुनौतियों के बीच में नागरिकों को मूल अधिकार प्रदत्त करते हुए उनको सुविधाओं के लिए भी चिंता करते हुए आगे बढ़ पा रहा है।

#### स्कूली बच्चों को किया पुरस्कृत

अनुसूचित जाति विकास विभाग के संचालित छात्रावासों में प्रवेशित विधार्थियों द्वारा 08 अप्रैल से 13 अप्रैल तक निबंध, चित्रकला, वादविवाद,भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। श्रमदान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे आयोजन किये गए। जिनमें से प्रतिभावान छात्रों को कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा स्कूली बच्चों को पेन और डायरी प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया। साथ ही मान्या साहू को लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

### खाद्य, नागरिक आपूर्ति ने जारी कर रखे हैं आदेश, दुकानों पर पहुंचा राशन

# 12 लाख 89 हजार उपभोक्ताओं को मई और जून का इकट्ठा दे रहे राशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत जिले के सभी पात्र उपभोक्ताओं को इसी अप्रेल माह में मई एवं जून का भी इकट्ठा राशन देना शुरू कर दिया गया है। विभाग ने सभी राशन दुकानों पर गेहूं, चावल, शक्कर, नमक आदि पहुंचवा भी दिए हैं। गत 13 अप्रेल से जिले के 12 लाख 89 हजार के लगभग पात्र हितग्राहियों को राशन का वितरण आरंभ करवा दिया गया है।

दरअसल, मध्यप्रदेश शासन की इच्छा है कि हेतु पूर्व से गोदामों में पड़े गेहूं को खाली करवा दिया जाए ताकि इस नए सीजन के गेहूं के भंडारण में किसी तरह की कोई परेशानी न आए। इसके साथ ही पात्र उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### इकट्ठा राशन देने का यह है कारण


दरअसल, जिले सहित पूरे प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य शुरू हो चुका है। चूंकि, पहले से ही सभी सरकारी और निजी गोदाम गेहूं से भरे पड़े हैं इसलिए शासन पहले इस गेहूं को उपभोक्ताओं को वितरित करवाते हुए आ रही फसल गोदामों में सुरक्षित रखेगा। यद्यपि, आदेश में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है।

#### दुकान संचालक स्वयं लगा रहे पात्रों को फोन

जारी आदेश के तहत मार्च एवं अप्रेल माह का एकमुश्त राशन सभी उपभोक्ताओं को दिया जा चुका है। अब 13 अप्रेल से मई एवं जून 2026 वाला राशन भी एडवांस में देना शुरू कर दिया गया है। दुकान संचालकों द्वारा भी उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वे निर्धारित समय सीमा में दुकानों पर पहुंचकर अपन गेहूं, चावल, शक्कर, नमक आदि प्राप्त लें।

#### सभी सेल्समेन को दे दिए गए हैं आदेश

उक्त संबंध में खाद्य विभाग ने जिले के सभी राशन विक्रेताओं को पूर्व से आदेश दे दिए हैं। इसके साथ ही निर्देशित किया जा चुका है कि अगर किसी विक्रेता के पास स्टॉक में राशन नहीं है तो वो उसका उठाव सुनिश्चित करे ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह का कोई असमंजस न हो।



"घ" खण्ड, प्रथम तल, विन्ध्याचल भवन, भोपाल- मध्यप्रदेश

क्रमांक 2022 /खाद्य/2026 भोपाल, दिनांक 08/04/20

प्रति,

समस्त कलेक्टर्स,
मध्यप्रदेश।

विषय- मार्च- अप्रैल एवं मई- जून माह में दो-दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण करने बाबत्।

संदर्भ- 1. संचालनालयीन पत्र क्रमांक 1505 दिनांक 11 मार्च, 2026
2. भारत सरकार द्वारा बैठक दिनांक 07.04.2026 (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से) में दिए गए निर्देश

-----

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित संचालनालयीन पत्र द्वारा मार्च- अप्रैल एवं मई- जून माह में दो-दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण हेतु समय-सीमा निर्धारित कर समस्त जिलों को अवगत करायी गयी थी, भारत सरकार द्वारा NFSA अंतर्गत माह मार्च, अप्रैल, मई, जून 2026 के अग्रिम आवंटन, उठाव एवं वितरण के संबंध में ली गयी बैठक दिनांक 07.04.2026 (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से) में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं, जिसके परिपालन में प्रदेश में मार्च, अप्रैल, मई, जून 2026 के अग्रिम आवंटन, उठाव एवं वितरण की संशोधित समय-सीमा निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :-

| क्र. | माह का नाम | उठाव की समय-सीमा | वितरण की समय-सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | मार्च | 09 अप्रैल, 2026 तक | 9 अप्रैल 2026 तक |
| 2 | अप्रैल 2026 | | 12 अप्रैल 2026 तक |
| 3 | मई एवं जून 2026 | 02 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक | 13 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक |

उपरोक्त संशोधित समय-सीमा का अनिवार्यतः पालन सुनिश्चित करते हुए राशन सामग्री का उठाव एवं NFSA अंतर्गत पात्र परिवारों को वितरण करवाने का कष्ट करें। आवंटन, उठाव एवं वितरण के संबंध में संचालनालयीन संदर्भित पत्र क्रं. 1505 दिनांक 11 मार्च, 2026 के शेष निर्देश यथावत रहेंगें।

(कर्मवीर शर्मा)
आयुक्त,
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण,
मध्यप्रदेश

#### फैक्ट फाइल

- विभागः खाद्य विभाग, राजगढ़
- जिले में कुल कार्डः 295971
- कुल सदस्यः 1289817
- लाभः मई और जून का राशन अप्रैल माह में।

#### इनका कहना है...

शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत मई एवं जून का राशन भी पात्र उपभोक्ताओं को देना आरंभ करवा दिया गया है। सभी राशन दुकान संचालकों ने उठाव भी कर लिया है।

अजीत कुमारी केसरी, डीएसओ, खाद्य विभाग, राजगढ़

## दो कार की आमने-सामने भिड़ंत, पांच गंभीर घायल



जीरापुर। छापीहेड़ा-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग झाड़मऊ जोड़ के पास दो कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में छह व्यक्ति घायल हो गए। यह हादसा तेज रफ्तार के कारण हुई, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में 5 लोग गंभीर घायल हो गए, वहीं एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस एवं लोगों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार दौरान बाहर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार एक शादी समारोह से वापस अपने गांव रसूलपुरा (खुजनेर) की ओर जा रही अल्टो कार एवं सामने से आ रही कार की झाड़मऊ जोड़ के पास आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिसमें पांच लोग गंभीर घायल हो गए, एक व्यक्ति को मामूली चोटे आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान बाहर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है दुर्गेश दामड़िया और अनिल दामड़िया निवासी सोयतकलां एक कार में सवार थे दोनों गंभीर घायल हो गए हैं। वहीं दूसरी कार में पवन पालीवाल 40 वर्ष निवासी रसूलपुरा , ललिताबाई 60 साल निवासी रसूलपुरा , बाबूलाल 60 साल निवासी रसूलपुरा ,गोकुल निवासी धुंआखेड़ी बमोरी सवार थे इनमें से तीन लोग गंभीर घायल हो गए।

### सोमवार रात्रि गोली मारकर की थी हत्या

## रामबाबू के हत्यारे दोनों भाईयों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

पुराने परिवारिक विवाद में की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कोतवाली थानांतर्गत भगवतीपुर गांव में सोमवार देर रात्रि रामबाबू पिता भारत सिंह गुर्जर (28 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुराने परिवारिक विवाद में हुई इस हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के ताऊ के लड़के विशाल पिता करणसिंह गुर्जर एवं होकम पिता प्यारजी गुर्जर पर बीएनएस 103 एवं 25 आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।

वारदात के बाद से ही दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस द्वारा सरगर्मी से आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद से गांव में भारी पुलिसबल भी तैनात है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार आरोपी शुरू से झगड़ालू प्रवत्ति के हैं और काफी समय से वारदात को अंजाम देने के प्रयास में थे। गोली चलाने के बाद आरोपियों ने मृतक रामबाबू का चेहरा पत्थरों से भी कुचल दिया था।

#### पोस्टमार्टम रूम के बाहर लगी भारी भीड़

मंगलवार सुबह जिला अस्पताल के शवगृह में मृतक रामबाबू गुर्जर का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौजूद रहे। पुलिस की मौजूदगी में रामबाबू का शव गांव पहुंचाया गया जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि आरोपियों और मृतक के परिवार के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद ने सोमवार रात्रि बड़ा रूप ले लिया और विशाल गुर्जर और होकम ने मिलकर रामबाबू की हत्या कर दी।

#### निरस्त होंगे सशस्त्र लायसेंस

हत्या की इस वारदात के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों एवं परिवार के पास मौजूद शस्त्र लायसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया कर रही है। आरोपियों सहित अन्य संबंधितों एवं ग्रामीणों के लायसेंस भी निरस्त किए जा सकते हैं।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई, जनप्रतिनिधियों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मंगलवार को नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रतिमा स्थल पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सुबह 9 बजे वार्ड क्रमांक 03 स्थित आंबेडकर पार्क पर प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, बृजकिशोर मीणा, रवि पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को समानता और न्याय का अधिकार दिलाया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर कैलाश पंडाजी, मुरारी मीणा, दिलीप बना, आत्माराम पटेल, हृदेश चन्द्रवंशी, मनोहर प्रजापति, अनोखीलाल कोटिया, लखन राजपूत, बद्रीलाल कुशवाह, हेमराज मीणा आदि मौजूद रहे।




### बाबा साहेब को किया नमन, अर्पित किए श्रद्धा सुमन

नरसिंहगढ़। भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को नगर में श्रद्धा और सम्मान का वातावरण देखने को मिला। नेहरू पार्क स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा, कांग्रेस, बसपा, आम आदमी पार्टी सहित अन्य दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में पहुंचे। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को याद किया और सामाजिक समरसता व समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने जय भीम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है, जिससे आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराते हुए शिक्षा, समानता और संविधान के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।



## सेन महाराज की जयंती पर निकाला चल समारोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

संत शिरोमणि सेन महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर सर्व सेन समाज नगर खुजनेर एवं ग्रामीण क्षेत्र समिति द्वारा मंगलवार को चल समारोह निकाला गया। चल समारोह की शुरुआत मांगलिक भवन से पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद चल समारोह नगर के प्रमुख मार्ग राजगढ़ चौराहा, शिवाजी बाजार, मजीद चौक और हाट बाजार से होती हुई पुनः मांगलिक भवन पहुंचा। इस दौरान रास्तेभर समाजजनों और नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। समारोह में शामिल श्रद्धालु भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर आगे बढ़ते रहे। नगर में कई स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए, जहां समाजबंधुओं का स्वागत किया गया।

## चिड़ीखो वन में भीषण आग, छोटे महादेव मंदिर तक पहुंची लपटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



नगर के समीप स्थित चिड़ीखो वन क्षेत्र में मंगलवार को भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग छोटे महादेव बीट के विभिन्न हिस्सों में एक साथ भड़क उठी और तेज हवाओं के चलते तेजी से फैलते हुए छोटे महादेव मंदिर के समीप तक पहुंच गई। अचानक भड़की इस आग से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दोपहर में धुँआली तालाब के ऊपरी हिस्से से उठता घना धुआं दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। हाईवे क्रमांक-46 से गुजर रहे राहगीरों ने इस भयावह दृश्य को अपने मोबाइल में कैद किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग कई स्थानों पर एक साथ फैली हुई दिखाई दी।

सूचना मिलते ही वन समिति एवं अभ्यारण्य (सेंचुरी) का अमला मौके पर पहुंच गया और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। वनकर्मियों द्वारा सीमित संसाधनों के बीच लगातार मशक्कत की जा रही है, लेकिन देर शाम तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। आग पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। प्रारंभिक स्तर पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि सूखी घास और तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

## आंबेडकर जयंती पर जमात मंदिर घाट की हुई सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद नगर समिति बाराद्वारी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत परशुराम सागर स्थित जमात मंदिर घाट पर विशेष साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम के दौरान घाट क्षेत्र में फैली गंदगी को हटाया गया तथा वहां उग रहे खरपतवार की सफाई कर परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया गया। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से घाट पर गंदगी न फैलाने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष विनोद नामदेव, सचिव सुनील साहू, मंदिर जमात के महंत दीपेन्द्र दास, वार्ड 14 के पार्षद कमल चौरसिया, गौशाला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव (बब्बू), हेमंत पुष्पद, भैयालाल, राम गुप्ता, प्रमोद साहू, जी.एस. पांडेय एवं भगवान सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्राम लोधीपुरा में मनाई गई बाबा साहब की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती ग्राम लोधीपुरा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। गादिया ब्लॉक मंडलम अध्यक्ष विजय सिंह लववंशी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद उपस्थितजनों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी प्रासंगिक है।

### नगर परिषद में संविधान निर्माता की जयंती मनाई

जीरापुर। स्थानीय नगर परिषद सभागार में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। जहां विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि बाबा साहब की ऐसे महान पुरुष है जिनकी जयंती मनाकर सभी धन्य होते हैं। संविधान का निर्माण नहीं होता तो देश कैसे चलता बाबा साहब ने देश को दिशा दी उनके द्वारा सही रूप में संविधान लागू किया, जिससे देश की कानुन व्यवस्था से लेकर आज देश का विकास संभव हुआ। इस मौके पर भाजपा जनप्रतिनिधि सहित डा. रामचरण किरार, महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, पूर्व बीईओ गोवर्धन सिंह वर्मा, जगदीश वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवांर, कमल झावा, दीपक नगर परिषद सीएमओ हरीओम शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन नपा कर्मचारी कमल भावसार तथा आभार नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने माना।



## संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती पर निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के अवसर पर सेन समाज द्वारा चल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बटकेश्वर मंदिर पर पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई, जिसके बाद समाजजनों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ चल समारोह निकाला। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जिसमें महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालुजन हाथों में ध्वज एवं बैनर लेकर भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ रहे थे। कई स्थानों पर समाजजनों एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, जुगल चौहान, सुदर्शन चौहान, रवि सेन सहित समाज के वरिष्ठजनों ने सेन महाराज के जीवन, उनके आदर्शों एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

### मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम

## भाजपाईयों ने हाथ में झाड़ू उठाकर की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर राजगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मंगल भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हाथ में झाड़ू उठाकर प्रतिमा स्थल के आसपास काफी समय तक साफ-सफाई करते हुए बाबा साहब को श्रृद्धांजलि अर्पित की।

इस पूरे आयोजन में मंडल अध्यक्ष मौर्य की सक्रिय भूमिका देखने को मिली। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ सफाई अभियान को सफल बनाया, बल्कि पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का माहौल भी कायम रखा। सचिन मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समानता और अधिकारों की प्रेरणा का प्रतीक है, और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में न्याय और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी सहित अनेक प्रमुख लोग इस अवसर पर मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

### घर-घर पहुंच रहे बच्चे, कुप्रथा के उन्मूलन का संदेश

## बाल विवाह के खिलाफ मैदान में उतरे बच्चे, किशोर और युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ अब एक सकारात्मक और सशक्त माहौल बनता दिखाई दे रहा है। खास बात यह है कि इस बदलाव की अगुवाई अब स्वयं बच्चे, किशोर और युवा कर रहे हैं। वे न केवल जागरूक हो रहे हैं, बल्कि अपने गांवों में छोटी-छोटी बैठकों के माध्यम से समाज को भी जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

गांव-गांव में आयोजित इन बैठकों में बाल विवाह के दुष्परिणामों पर खुलकर चर्चा की जा रही है। बच्चों और युवाओं को बताया जा रहा है कि कम उम्र में विवाह से शिक्षा बाधित होती है, स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है और जीवन की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। इन चर्चाओं का असर यह हो रहा है कि अब किशोर और युवा इस कुप्रथा के खिलाफ खुलकर सामने आ रहे हैं और इसके विरोध में एकजुट हो रहे हैं।



अहिंसा के पीस वॉलिंटियर्स इस मुहिम को मजबूती देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। करीब 40 गांवों में सक्रिय ये वॉलिंटियर्स लगातार नजर बनाए हुए हैं और नियमित रूप से गांवों में बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। इन बैठकों में बच्चों और किशोरों के साथ संवाद स्थापित किया जाता है, जिससे वे अपने अधिकारों को समझ सकें और गलत परंपराओं के खिलाफ आवाज उठाने का साहस जुटा सकें।

#### बाल-विवाह की सूचना मिले तो सांझा करें

वॉलिंटियर्स द्वारा बच्चों और ग्रामीणों को यह भी स्पष्ट रूप से समझाया जा रहा है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले, तो उसे तुरंत साझा करें, ताकि समय रहते उसे रोका जा सके। इस सतर्कता और सहभागिता का असर अब धीरे-धीरे सामने आने लगा है। कई स्थानों पर बाल विवाह की सूचनाएं समय पर मिलने से उन्हें रोका जा सका है, जो इस अभियान की सफलता का प्रमाण है। अहिंसा टीम का मानना है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास ही सबसे प्रभावी रास्ता है। उन्होंने बताया कि अब बच्चे और युवा स्वयं आगे आकर इस सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, जो एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। टीम का कहना है कि जब समाज का प्रत्येक वर्ग- चाहे वह परिवार हो, समुदाय हो या युवा पीढ़ी- एकजुट होकर जिम्मेदारी निभाएगा, तभी बाल विवाह जैसी कुरीतियों को जड़ से खत्म किया जा सकेगा।